दिन–शनिवार दिनांक– 28/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में नगर निकाय आम और उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। छब्बीस जिलों के बयालीस नगर निकायों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम पांच बजे तक चलेगा। इनमें छत्तीस नगर पालिकाओं और तीन जिलों पटना, रोहतास और पूर्वी चम्पारण की छह नगर पंचायतों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। देश में पहली बार मतदाताओं ने चुनावों में ई–वोटिंग के जरिए मतदान किया। मतदाताओं ने मोबाईल एप के जरिए सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल तीन लाख उनासी हजार छह सौ चौहत्तर मतदाता पांच सौ अड़तीस उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। बूथों से लाईव वेबकास्टिंग भी की जा रही है। मतदाता किसी भी प्रकार की समस्या और गड़बड़ी के लिए टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच सात दो चार तीन पर सम्पर्क कर सकते हैं। मतगणना तीस जून को होगी

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ तेईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवचयनित इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में पुलिस विभाग में दो लाख से अधिक पदों का सृजन कर तेजी से पुलिसकर्मियों की बहाली की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी पदों को इस साल के अंत तक भर दिया जायेगा। इससे राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पुलिस बल में भी वृद्धि होगी।

———————————————————————

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गया, नवादा, जमुई, बांका जिले के एक–दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। सबसे अधिक अंठावन मिलीमीटर बारिश गयाजी जिले के बोधगया में दर्ज की गयी।

———————————————————————

पटना स्थित ज्ञान भवन में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो दिवसीय आम महोत्सव की शुरूआत की। इस महोत्सव में आम के विभिन्न प्रभेदों की प्रदर्शनी के साथ ही रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है।

———————————————————————

शेखपुरा की एक अदालत ने तेरह साल एक पुराने मामले में नौ लोगों को सश्रम कारावास और दस–दस हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है।

अररिया जिले की एक अदालत ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा के साथ दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र के पचंबा के पास ट्रक की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गयी।

अररिया जिला मुख्यालय से श्रम संसाधन विभाग और पुलिस के छापामार दल ने दो प्रतिष्ठानों से दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। वहीं, जिले के सिरारी थाना क्षेत्र के बरमा गांव में तालाब खुदाई के दौरान प्राचीन काल की भगवान की प्रतिमा मिली है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।